हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 5 अगस्त 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 उज्जैन से देवास पहुंचे अखाड़ा परिषद के संत...



09 जुगपुरा में सीसी सड़क व नाली निर्माण का भूमि...



खबर संक्षेप



कलेक्टर ने सुनी 152 आवेदकों की समस्याएं

मंदसौर। मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा जनसुनवाई की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन एवं संयुक्त कलेक्टर प्रीति संघवी द्वारा 152 आवेदकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश जारी किए गए। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो। लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए। ग्राम बोलिया निवासी देवकन्या बाई ने कृषि भुमि के रास्ते के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर एसडीएम सितामऊ को वेकलपिक व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। ऐरा निवासी राजेश ने अवैध अतिक्रमण के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर एसडीएम सीतामऊ को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। पिपलियारतन निवासी कलाबाई ने पट्टे की भुमि को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार संजित को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। भटूनी निवासी भंवरलाल ने कृषि भुमि का रास्ता चालु करनवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर तहसीलदार शामगढ़ को आदेश परित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने, मजदूरी का भूगतान करवाने, सर्वे नम्बर आवंटित करवाने, फसल बीमा की राशि दिलवाने के आवेदन प्राप्त हुए।

किसान संघ पदाधिकारियों से कलेक्टर ने किया संवाद

'किसानों के कल्याण व समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है सरकार'

किसानों की समस्याओं के सकारात्मक समाधान का दिलाया विश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कृषि कल्याण वर्ष के तहत प्रदेश सरकार एवं प्रशासन किसानों के कल्याण एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है, जिले के किसानों की सभी समस्याओं का सकारात्मक समाधान समय सीमा में सुनिश्चित किया जाएगा। यह बात कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष आगर में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों से संवाद करते हुए कहीं। बैठक में एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, सहकारिता, पीएम फसल बीमा योजना सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

किसानों ने बताई समस्याएं

बैठक मे कलेक्टर ने भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष रामनारायण तेजरा, प्रांतीय उपाध्यक्ष डूंगर सिंह तथा राघु सिंह, प्रमोद जोशी, भागीरथ पाटीदार, उमेश पाटीदार सहित अन्य उपस्थित पदाधिकारियों से चर्चा कर किसानों की प्रमुख समस्याओं और मांगों के बारे में जानकारी ली, और किसानों की समस्याओं के निराकरण का विश्वास दिलाया। बैठक में किसान संघ के पदाधिकारियों ने किसानों की ओर से फसल बीमा राशि का भुगतान काफी कम मिलने, मुआवजा नहीं मिलने, जिले की गौशालाओं को जमीन आवंटन आवेदनों का निराकरण करने संबंधी प्रकरणों का तत्परता पूर्वक निराकरण करने किसानों की बैंकों में बंधक भूमि के क्रय-विक्रय, नामांतरण में आ रही समस्याओं के समाधान करने तथा किसानों की विद्युत आपूर्ति एवं लो वोल्टेज की समस्याओं का समाधान करवाने की मांग की, इस पर कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत 07 अगस्त से जिले के विभिन्न ग्रामों में शिविर आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। राजस्व संबंधी प्रकरणों का भी मौके पर निराकरण किया जाएगा। राजस्व प्रकरणो के निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग एवं समीक्षा एडीएम द्वारा की जाएगी।किसान संघ पदाधिकारियों ने कलेक्टर के साथ हुए संवाद एवं दिलाए गए विश्वास को संतोष जनक बताया तथा पदाधिकारियों ने कलेक्टर का स्वागत भी किया।

त्योहारों पर जिले की शांति एवं सद्भाव की परंपरा बरकरार रहेः कलेक्टर डॉ मीना

साउंड सिस्टम के वॉल्यूम को ऐसा रखें कि किसी को कोई असुविधा न हो- एसपी सोनी

आगामी त्यौहारों के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न



नलखेड़ा। जिले में शांति सद्भाव प्रेम एवं भाईचारे की परंपरा हमेशा कायम रही है। आगामी त्यौहारों पर भी यह परंपरा बरकरार रहे, सभी लोग मिलजुल कर आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ त्यौंहार मनाए। यह बात कलेक्टर डॉ शेर सिंह मीना ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष आगर में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। बैठक में एसपी दिलीप कुमार सोनी, एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार बोयत, एसडीएम एवं एसडीओपी, डिप्टी कलेक्टर, थाना प्रभारी, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य गण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए की राजस्व, पुलिस अधिकारी, विद्युत मंडल एवं नगरीय निकायों के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए जुलूस, अखाड़ा, गणेश प्रतिमा स्थापना स्थलों और गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थलों का संयुक्त रूप से भ्रमण कर रोड का निरीक्षण कर ले और यदि कहीं कोई अवरोध या बाधा है तो उसे पहले से ही हटा ले। कलेक्टर ने इन त्योहारों पर प्रकाश, सड़क मरम्मत,सड़कों के गड्ढों की मरम्मत, विद्युत सुरक्षा उपाय प्रबंध, आपात चिकित्सा व्यवस्था के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने एक-एक कर समिति के सभी सदस्यों से परिचय एवं सुझाव प्राप्त किया और सुझावों पर संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई करने का विश्वास दिलाया। पुलिस अधीक्षक श्री सोनी ने कहा कि त्योहारों पर सीसीटीवी एवं ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। आयोजक जुलूस आदि के लिए पूर्व अनुमति प्राप्त कर आयोजन स्थल पर पर्याप्त संख्या में अपने वॉलिंटियर्स तैनात करें। उन्होंने कहा कि साउंड सिस्टम का उपयोग निर्धारित मानकों से अधिक वॉल्यूम पर ना करें, जिससे कि अन्य लोगों को कोई असुविधा न हो उन्होंने विद्युत सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था 24 घंटे उपलब्ध रखने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने अगस्त एवं सितंबर माह में मनाए जाने वाले त्योहारों की तिथियां के बारे में विस्तार से बताया और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य समीउल्लाह कुरैशी, देवीलाल सोनी, राजेश अरोड़ा , एडवोकेट सन्नाउल्ला, दिनेश परमार, अजय झंझी, दूले सिंह गौड़ आदि उपस्थित सदस्यों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

अनिश्चितकालीन मंडी बंद की दी चेतावनी

नलखेड़ा में नई कृषि उपज मंडी सड़क की मरम्मत की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर के समीप स्थित नई कृषि उपज मंडी मार्ग जो नलखेड़ा-ढाबला सोनगरा तक जाने वाला सड़क मार्ग है। जिसमे बड़े बड़े गड्ढे होने के साथ ही कई स्थानों से तो सड़क का नामोनिशान तक मिट गया है। उक्त सड़क का निर्माण कार्य करवाये जाने अथवा मरम्मत करने की मांग को लेकर मंडी व्यापारियों द्वारा 10 अगस्त को मंडी घोष विक्रय मैं भाग नहीं लिया जाएगा वहीं मांग पूरी न होने पर व्यापारियों द्वारा अनिश्चितकालीन मंडी बंद की चेतावनी भी दी गई है।

अनाज दलहन तिलहन व्यापारी संघ अध्यक्ष रामचंद्र गोयल ने बताया कि तहसील चौराहा से कृषि उपज मंडी गेट तक सड़क अत्यधिक खराब हो चुकी है। पूरे मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं। भारी वाहनों एवं ट्रैक्टर ट्रालियों का आवागमन इस मार्ग पर बना रहता है। उक्त खस्ताहाल सड़क का निर्माण कार्य करवाये जाने अथवा मरम्मत करने की मांग को लेकर उनके द्वारा स्थानीय कृषि उपज मंडी समिति सचिव एवं अन्य अधिकारियों को कई मर्तबा लिखित तथा मौखिक रूप से अवगत कराते हुए समाचार पत्रों के माध्यम से भी इस समस्या को उठाया गया है। लेकिन आज तक संबंधित अधिकारियों द्वारा उक्त सड़क की मरम्मत कार्य करवाने अथवा निर्माण कार्य की ओर ध्यान नहीं दिया जाकर प्रशासन कुंभकरणी निंद्रा में सोया हुआ है। श्री गोयल ने बताया कि यदि 9 अगस्त तक उक्त खस्ताहाल सड़क की मरम्मत नहीं करवाई जाती है तो व्यापारी 10 अगस्त को मंडी घोष विक्रय मैं भाग नहीं लेंगे। इसके बाद भी यदि प्रशासन नहीं जागा तो मंडी व्यापारियों द्वारा अनिश्चितकालीन मंडी बंद कर दी जावेगी। गौरतलब है कि नलखेड़ा तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत निर्मित सड़कें विभागीय लापरवाही के चलते रखरखाव के अभाव में खस्ताहाल स्थिति में पहुंच रही ऐसे ही हालात नगर के समीप स्थित नई कृषि उपज मंडी मार्ग जो नलखेड़ा-ढाबला सोनगरा तक जाने वाला सड़क मार्ग है। जिसमे बड़े बड़े गड्ढे होने के साथ ही कई स्थानों से तो सड़क का नामोनिशान तक मिट गया है। इस मार्ग से विभिन्न ग्रामों के साथ ही कृषि उपज मंडी भी जुड़ी हुई है। ऐसे में इस मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ो वाहनों की आवाजाही होती है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत निर्मित सड़को का ग्यारंटी पीरियड समाप्त होने के बाद इनके रखरखाव का ठेका दिया जाता है। तो सवाल यह उठता है कि जब रखरखाव का ठेका है तो सड़क का रखरखाव क्यों नही किया गया ? इसके चलते कई सवाल खड़े होते है कि क्या सड़क का रखरखाव कागजों पर ही हो रहा है ? क्या सारा खेल विभागीय अधिकारियों व ठेकेदारों की मिलीभगत से हो रहा है।

10 को मंडी घोष विक्रय में भाग नहीं लेंगे व्यापारी

जिला स्तरीय बैठक में की गई घोषणा

दिनेश अस्तावत बने भिलाला समाज के आगर जिलाध्यक्ष

विश्व आदिवासी दिवस पर सोयत में जिलास्तरीय चल समारोह व जनसभा 9 अगस्त को

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



आदिवासी भील भिलाला समाज आगर मालवा की जिला स्तरीय मिंटिग चोमा में आयोजित हुई जिसमें दिनेश अस्तावत नलखेड़ा को भिलाला समाज का आगर जिला अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में समाज सुधार तथा समाज उत्थान के लिए भी कई निर्णय लिए गए। बैठक में सर्व प्रथम आदिवासी महापुरुषों एवं मां शबरी के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर पुजन अर्चना कि गई। बैठक में उपस्थित आगर जिले के वरिष्ठ समाजजनों द्वारा नाश मूक्ति , शिक्षा, सामूहिक विवाहसम्मेलन ,सामाजिक मुद्दों एवं आदिवासी समाज के महापुरुषों की जयंती पर चर्चा की, जिसके पश्चात आगर जिले के आदिवासी समाज के संगठन अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद आगर जिला अध्यक्ष अर्जुन भिलाला,जय आदिवासी युवा संगठन जयस जिलाअध्यक्ष सुनील ठाकुर, जयस आगर जिला अध्यक्ष गोपाल कोदिया, आदिवासी विकास परिषद कमल भिलाला पायली, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहनलाल भिलाला, शाजापुर जयस जिलाअध्यक्ष राधे आदिवासी एवं वरिष्ठ अधिकारियों समाजजनों की उपस्थिति में आगर जिले में भील भिलाला समाज के नेतृत्व में आगर जिला अध्यक्ष की घोषणा की गई। बैठक में नलखेड़ा के दिनेश अस्तावत को आगर जिला अध्यक्ष के पद पर चुना गया इनकी घोषणा होते ही समाज के वरिष्ठ जनों एवं समाज जनों द्वारा पुष्प माला पहनकर स्वागत किया गया एवं बधाइयां दी गई साथ ही नवनियुक्त अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के आगर जिलाध्यक्ष अर्जुन भिलाला का भी समाज जनों द्वारा पुष्प माला पहनकर स्वागत किया गया।

फसल बीमा योजना में किसान फसलों का बीमा 17 तक कराएं

नलखेड़ा। किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ फसलों के बीमा की अंतिम तिथि, जो पूर्व में 31 जुलाई निर्धारित थी, उसे अलनीनो के संभावित प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए बढ़ाकर 17 अगस्त कर दिया गया है। अब जिले के किसान निर्धारित तिथि तक अपनी पात्र खरीफ फसलों का बीमा कराकर प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली संभावित आर्थिक क्षति से सुरक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इसी क्रम में किसानों को योजना की जानकारी प्रदान करने एवं अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा से जोड़ने के उद्देश्य से उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग गोपेश पाठक जिला आगर-मालवा द्वारा 03 अगस्त को प्रधानमंत्री फसल बीमा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर जिलेभर में प्रचार-प्रसार हेतु रवाना किया गया। यह रथ ग्राम-ग्राम पहुंचकर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी देगा तथा समय-सीमा के भीतर बीमा कराने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर श्री पाठक ने जिले के सभी किसानों से अपील करते हुए कहा कि अनिश्चित मौसम, अतिवृष्टि, अल्पवृष्टि, सूखा, ओलावृष्टि, बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसलों को होने वाली क्षति से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। शासन द्वारा अंतिम तिथि बढ़ाकर 17 अगस्त किए जाने से किसानों को एक और अवसर प्राप्त हुआ है। सभी किसान इस अवसर का लाभ उठाते हुए समय रहते अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराएं और भविष्य के जोखिमों से स्वयं को सुरक्षित करें। उन्होंने कहा कि किसान अपने संबंधित बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर से संपर्क कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अपनी पात्र फसलों का बीमा निर्धारित तिथि तक करवा सकते हैं ।

गुप्तेश्वर महादेव से बैजनाथ महादेव मंदिर तक निकाली कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



शिव भक्ति का पावन मास सावन की शुरुआत हो गई है। सम्पूर्ण मास में शिव भक्त विभिन्न साधना आराधना के माध्यम से भोले की भक्ति में लीन रहेंगे। सावन मास के प्रथम सोमवार को नगर के प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से बैजनाथ महादेव मंदिर तक शिव भक्तों द्वारा कावड़ यात्रा निकाली गई। कावड़ यात्रा के दौरान प्रमुख चौराहा पर नगरवासियों द्वारा बोल बम बम की गूंज के साथ कावड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई। नगर के चौक बाजार स्थित प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से सोमवार को लगातार चौथे वर्ष बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर आगर के लिए कावड़ यात्रा निकाली गई। कावड़ यात्रा में शामिल कावड़िया अपने कंधों पर लखुंदर नदी का पवित्र जल भरकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए पैदल रवाना हुए। कावड़ यात्रा के आगे आगे डीजे बैंड पर शिव भजनों की प्रस्तुति दी जा रही थी। नलखेड़ा से रवाना हुई कावड़ यात्रा सोमवार देर शाम बैजनाथ महादेव मंदिर पर पहुंची जहां कावड़ियों द्वारा मंगलवार को भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया।

मलेरिया-डेंगू व चिकनगुनिया के प्रति जन-जागरूकता लाने हुई पोस्टर प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.दीपा पाठक द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया के प्रति जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से शासकीय नर्सिंग कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज की समस्त छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कॉलेज के समस्त नर्सिंग स्टॉफ एवं प्राचार्य उपस्थित रहे। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.दीपा पाठक द्वारा छात्राओं को डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया के लक्षण, बचाव के उपाय, घर के आसपास पानी जमा न होने देने, कूलर-टंकी की साफ-सफाई एवं 10 मिनट रोज - ड्राई डे के बारे में जानकारी दी गई। शासकीय नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य श्रीमती आरती रामावत ने बताया कि इस समय हमें विशेष ध्यान देने की जरूरत है, किसी भी बुखार को हल्के में लेकर सबसे पहले मलेरिया की जांच की जानी चाहिए एवं सकारात्मक आने पर पूर्ण इलाज लिया जाना चाहिए साथ ही अपनी सुरक्षा बहुत आवश्यक है।

युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष का नगर में कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

'पार्टी संगठन में समर्पित कार्यकर्ताओं को ही जिम्मेदारी मिलेगी'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर के नगरागमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्री टेलर द्वारा विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी के दरबार में पहुंचकर शीश नवाया गया। सोमवार देर शाम आगर मालवा जिले के दौरे पर पहली बार पहुंचे भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नलखेड़ा पहुंचे। जहां उनका कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ बड़ी गर्म जोशी ओर उत्साह से जगह-जगह भव्य स्वागत किया। नगर में प्रवेश से लेकर माँ बगलामुखी मंदिर तक स्थान स्थान पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा मंच बनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रत्येक स्थान पर आतिशबाजी भी की गई। श्री टेलर का स्वागत कर कार्यकर्ताओं द्वारा स्मृति चिन्ह भी भेंट किये गए। प्रदेश अध्यक्ष के इस दौरे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। विभिन्न स्थानों पर स्वागत के पश्चात श्री टेलर विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहाँ उन्होंने माता रानी के दर्शन कर विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। नगरागमन के दौरान श्री टेलर के साथ युवा मोर्चा पदाधिकारियों के साथ ही भाजपा पदाधिकारियों का भी काफिला था। श्री टेलर के नगरागमन पर युवा मोर्चा नेताओ द्वारा नगर को बैनर पोस्टरों के साथ ही स्वागत द्वारों से पाट दिया गया था। सिद्धपीठ पर दर्शन पूजन उपरांत श्री टेलर समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचे जहां उन्होंने अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री स्वामी सांदीपेंद्र गिरि जी महाराज (पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी) से आशीर्वाद प्राप्त किया।

हार से सीख कर आगे बढ़ेंगे

प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर ने दतिया उपचुनाव में बीजेपी की हार पर मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी या तो जीतती है या सीखती है। पार्टी के वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपेई ने कहा था कि भाजपा कार्यकर्ता कभी हारता नहीं या तो वहां जितता है या फिर सीखता है, हम अपनी कमियों को सुधारते हुए आगे बढ़ेंगे और लगातार जनता के बीच जा रहे हैं। नए जिलाध्यक्ष की घोषणा वाले सवाल पर उन्होंने कहा कि जो स्वतंत्र रूप ओर पार्टी की रीति नीति से कार्य करता हे उसी कार्यकर्ता का पार्टी के नए दायित्व के लिए चयन किया जाता है । पार्टी संगठन में समर्पित कार्यकर्ताओं को ही जिम्मेदारी मिलेगी।

खबर संक्षेप

समाजसेवी यादव के निधन पर दी श्रद्धांजलि



चापड़ा। नगर के समाज सेवी रमेश चंद्र यादव, जे.सी. यादव के पिता, डॉ. गौरव के दादा रामचंद्र यादव का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया। यादव का अंतिम संस्कार गांव खरड़िया में किया गया। यादव के निधन पर भाजपा नेता सुनील पुरोहित, पीसी जैन, रिटायर्ड डीएसपी आरसी भांकर, विनोद विश्वकर्मा, कपिल यादव, शांतिलाल यादव, राजेश दुग्गड,गंगाराम पाटीदार आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

उप स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

देवास। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, उज्जैन संभाग डॉ. दीपक पिप्पल द्वारा मंगलवार को जिला देवास के विकासखंड बरोठा अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र दतोत्तर में आयोजित नियमित टीकाकरण सत्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. पिप्पल ने टीकाकरण सत्र की व्यवस्थाओं, टीकाकरण की गुणवत्ता, कोल्ड चेन प्रबंधन, अभिलेखों के संधारण एवं लाभार्थियों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य अमले से टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। क्षेत्रीय संचालक ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र गर्भवती महिला एवं बच्चों का समय पर शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए।

सिंहस्थ से पहले शिप्रा नदी के जल में प्रदूषण पर संत समाज का फूटा गुस्सा

उज्जैन से देवास पहुंचे अखाड़ा परिषद के संत नागधम्मन नदी व फैक्ट्री का किया निरीक्षण

शिप्रा नदी में मिल रही नागधम्मन नदी के प्रदूषण को लेकर उज्जैन के अखाड़ा परिषद के संतों ने कलेक्टर से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वर्ष 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ से पहले मां शिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त करने का मुद्दा एक बार फिर गंभीरता से सामने आया है। शिप्रा नदी में मिल रही नागधम्मन नदी के प्रदूषण को लेकर मंगलवार को उज्जैन से अखाड़ा परिषद के संतों का प्रतिनिधिमंडल देवास पहुंचा। महंत डॉ. रामेश्वर दास के नेतृत्व में पहुंचे संतों ने नागधम्मन नदी का मौके पर निरीक्षण किया और नदी में पहुंच रहे गंदे व केमिकलयुक्त पानी को लेकर नाराजगी जताई। संत समाज का कहना है कि शिप्रा नदी केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। सिंहस्थ के दौरान देशभर से लाखों श्रद्धालु उज्जैन पहुंचते हैं और मां शिप्रा में स्नान व आचमन करते हैं। ऐसे में नदी में प्रदूषित पानी का मिलना बेहद गंभीर विषय है। संतों ने कहा कि सिंहस्थ को अब करीब दो वर्ष का समय ही शेष है, ऐसे में शिप्रा को स्वच्छ बनाने के लिए अभी से प्रभावी और स्थायी कदम उठाना जरूरी है। संतों ने नागधम्मन नदी के निरीक्षण के दौरान आरोप लगाया कि देवास क्षेत्र की कुछ औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला केमिकलयुक्त पानी पर्याप्त उपचार के बिना नदी में छोड़ा जा रहा है। उनका आरोप है कि रात के अंधेरे में प्रदूषित पानी नदी में छोड़े जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इस पानी के कारण नदी के साथ-साथ आसपास के खेतों और पशुओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की बात संतों ने कही।

918 करोड़ की परियोजना पर सवाल

संत समाज ने खान डायवर्शन परियोजना पर खर्च किए जा रहे करीब 918 करोड़ रुपये का हवाला देते हुए सवाल उठाया कि जब शिप्रा को बचाने के लिए इतनी बड़ी राशि खर्च की जा रही है, तो नागधम्मन नदी में पहुंच रहे प्रदूषण को रोकने के लिए ठोस और स्थायी व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही है। संतों ने कहा कि यदि नागधम्मन नदी में प्रदूषण का सिलसिला नहीं रुका तो इसका सीधा असर आगे चलकर शिप्रा नदी पर पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल ने देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी। संतों ने प्रशासन से मांग की कि नदी में प्रदूषित पानी छोड़ने वाली इकाइयों की नियमित जांच की जाए और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। संतों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो संत समाज मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा और इस मुद्दे को प्रदेश स्तर पर उठाया जाएगा। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने संतों को भरोसा दिलाया कि सिंहस्थ से पहले शिप्रा नदी को स्वच्छ बनाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब डेढ़ करोड़ रुपये की योजना पर काम चल रहा है। इसके तहत प्रदूषित पानी को एसटीपी प्लांट तक पहुंचाकर उसका उपचार किया जाएगा। इसके अलावा अमृत फेज-2 के तहत सीवेज लाइन बिछाने का कार्य भी चल रहा है। प्रशासन का लक्ष्य है कि यह कार्य अगले वर्ष जून-जुलाई तक पूरा कर लिया जाए। संतों ने कहा कि केवल योजनाएं बनाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि उनका समयसीमा में धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन भी जरूरी है। उन्होंने प्रशासन से नदी में जाने वाले प्रत्येक नाले और औद्योगिक इकाइयों के पानी की निगरानी की व्यवस्था मजबूत करने की मांग की।

ट्रीटमेंट प्लांट का भी किया निरीक्षण

संत प्रतिनिधिमंडल ने देवास में सन फार्मा के ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया। यहां कंपनी द्वारा आधुनिक तकनीक के माध्यम से औद्योगिक पानी के शोधन की प्रक्रिया की जानकारी संतों को दी गई। प्रतिनिधिमंडल ने प्लांट की कार्यप्रणाली, पानी के ट्रीटमेंट और शोधन के बाद पानी की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। संतों ने कहा कि यदि औद्योगिक इकाइयां अपने अपशिष्ट जल का उचित उपचार करें और प्रशासन नियमित निगरानी रखे तो नदी में प्रदूषण को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ केवल उज्जैन का धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए आस्था और गौरव का विषय है। इसलिए सिंहस्थ से पहले शिप्रा और उसकी सहायक नदियों को प्रदूषण मुक्त करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में होना चाहिए।

बजरंगबली नगर में 4 कारों में हुई तोड़फोड़

घटना के बाद रहवासियों में दहशत



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के बजरंगबली नगर में मंगलवार तड़के अज्ञात बदमाशों ने घरों के बाहर खड़ी चार कारों के शीशे तोड़ दिए। घटना सुबह करीब 4.30 से 5 बजे के बीच की बताई जा रही है। पांच दिन पहले हुए पार्किंग विवाद के बाद हुई इस वारदात से कॉलोनी में दहशत और आक्रोश का माहौल है। रहवासियों ने मामले की जांच कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है मंगलवार सुबह जब लोग अपने घरों से बाहर निकले तो कॉलोनी में खड़ी चार कारों के शीशे टूटे मिले। घटना की जानकारी मिलते ही रहवासियों की भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की। स्थानीय निवासी सरिता राठौर ने बताया कि करीब चार-पांच दिन पहले पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान कुछ लोगों द्वारा गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दिए जाने की बात भी सामने आई थी। ऐसे में रहवासियों को आशंका है कि कारों में की गई तोड़फोड़ उसी विवाद से जुड़ी हो सकती है। हवासियों के अनुसार बजरंगबली नगर में करीब 183 परिवार रहते हैं। कॉलोनी में इस तरह की घटना पहली बार सामने आई है। अचानक चार वाहनों में तोड़फोड़ होने से लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। रहवासियों ने पुलिस से घटना की गंभीरता से जांच कर दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कॉलोनी में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

पोषण दिवस व दस्तक अभियान का निरीक्षण

देवास। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील तिवारी ने मंगलवार को विकासखंड टोंक खुर्द के ग्राम नवदा एवं कनेरिया में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य, पोषण दिवस (वीएचएनडी) एवं दस्तक अभियान की गतिविधियों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को जिंक एवं ओआरएस वितरण, डायरिया प्रबंधन, डीएसएस टूल में बच्चों की जानकारी का अद्यतन, एचबीएनसी एवं एचबीवायसी सेवाओं के संचालन तथा आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे गृह भ्रमण एवं हितग्राहियों को दिए जा रहे स्वास्थ्य परामर्श का अवलोकन किया गया।

नगर परिषद उपाध्यक्ष सहित वरिष्ठ नागरिकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मौरासा/टोंकखुर्द



नगर परिषद टोंकखुर्द में लंबे समय से स्थायी अकाउंटेंट की नियुक्ति नहीं होने का मामला अब जोर पकड़ने लगा है।

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान नगर परिषद उपाध्यक्ष, पार्षदों, वरिष्ठ नागरिकों एवं एल्डरमैनों ने एसडीएम रितु चौरसिया को आवेदन सौंपकर जल्द से जल्द स्थायी अकाउंटेंट की नियुक्ति करने की मांग की। आवेदन में बताया गया कि नगर परिषद टोंकखुर्द में लंबे समय से अस्थायी कर्मचारी के माध्यम से लेखा संबंधी कार्य करवाए जा रहे हैं। नगर परिषद जैसे महत्वपूर्ण निकाय में स्थायी एवं योग्य अकाउंटेंट का होना आवश्यक है। स्थायी अकाउंटेंट नहीं होने के कारण वित्तीय कार्यों, लेखा संधारण, भुगतान प्रक्रिया सहित विकास कार्यों के संचालन में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदनकर्ताओं ने कहा कि शासन के नियमों के अनुरूप नियमित एवं योग्य अकाउंटेंट की नियुक्ति होने से नगर परिषद के कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ेगी तथा प्रशासनिक व्यवस्था भी मजबूत होगी। इस दौरान नगर परिषद उपाध्यक्ष आरिफ पटेल, पार्षद सुनील मालवीय, पार्षद प्रतिनिधि अनवर पटेल, जीवन प्रजापति, जितेंद्र गहलोत, जाकिर सिद्दीकी, एल्डरमैन सुरेश अधिकारी, राजेश शर्मा, पूर्व पार्षद लाल सिंह पवार सहित नगर के वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

बी.कॉम रिजल्ट के विरोध में एनएसयूआई का हल्लाबोल, कटोरा लेकर मांगी भीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा बी.कॉम. प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को फेल एवं सप्लीमेंट्री किए जाने के विरोध में मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (NSUI) ने भोपाल चौराहे पर अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में संगठन के झंडे लेकर विश्वविद्यालय के खिलाफ नारेबाजी की और कटोरा लेकर दुकानों पर भीख मांगकर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान NSUI पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अर्धनग्न होकर सड़क पर उतरे। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि विश्वविद्यालय ने बी.कॉम. प्रथम वर्ष के करीब 70 प्रतिशत विद्यार्थियों को फेल कर दिया है। उनका कहना था कि कई ऐसे विद्यार्थी भी हैं, जिन्होंने 12वीं कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए थे, लेकिन उन्हें परीक्षा में बेहद कम अंक देकर फेल या सप्लीमेंट्री कर दिया गया। इससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शन के बाद NSUI कार्यकर्ता केपी कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से कटोरा प्राचार्य की टेबल पर रखकर विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बी.कॉम. प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम की निष्पक्ष जांच, उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन कराने तथा विद्यार्थियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई। NSUI पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों के हित में जल्द निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

अम्बाझर स्कूल में बच्चों ने शिक्षकों संग किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा



प्रकृति के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता की दिशा में शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय अम्बाझर में मंगलवार को विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर पौधरोपण किया। विद्यालय परिसर में रोपे गए पौधों के साथ बच्चों ने केवल हरियाली का संकल्प ही नहीं लिया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व को भी आत्मसात किया। नई शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना विकसित करने के उद्देश्य से विद्यालय में इको क्लब का गठन किया गया है। इसी पहल के तहत बच्चों ने उत्साहपूर्वक विद्यालय परिसर में पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक रमेश चंद्र सोलंकी ने विद्यार्थियों को पौधे उपलब्ध करवाते हुए वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इको क्लब की भूमिका, उसके उद्देश्यों एवं पर्यावरण संरक्षण में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्रपाल सेंधव एवं धरमचंद पाटीदार ने विद्यार्थियों को वृक्षों से होने वाले प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। इस अवसर पर विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

नगर में शुरू हुई अंधाधुंध बिजली कटौती, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मौरासा



नगर में इन दिनों अघोषित बिजली कटौती ने आम नागरिकों की परेशानी बढ़ा दी है। आए दिन कई-कई घंटों तक बिजली बंद रहने से नगरवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कभी डीपी जलने, कभी देवास की लाइन में खराबी तो कभी केबल जल जाने का हवाला देकर बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। नगरवासियों का कहना है कि बिजली कब बंद होगी और कब आएगी, इसकी कोई निश्चित जानकारी नहीं मिलती। सबसे बड़ी परेशानी तब होती है जब बिजली विभाग में फोन लगाकर बिजली बंद होने का कारण जानने का प्रयास किया जाता है, लेकिन कई बार विभागीय अधिकारियों या संबंधित कर्मचारियों द्वारा फोन तक नहीं उठाया जाता। बिजली कटौती को लेकर अब नगर में राजनीतिक चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं। नागरिकों का कहना है कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब बिजली कटौती को लेकर भाजपा समर्थक इसे सरकार की नाकामी बताते हुए सवाल उठाते थे। अब प्रदेश में भाजपा की सरकार है, लेकिन इसके बावजूद नगर में लगातार बिजली कटौती हो रही है। वहीं राजनीतिक दलों के स्थानीय नेताओं की चुप्पी भी लोगों को खटक रही है।

नवनियुक्त 8 एल्डरमैनों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

विधायक पवार की उपस्थिति में एडीएम ने दिलाई शपथ





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम बैठक हाल में सोमवार को नवनियुक्त 8 एल्डरमेनों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार, महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, निगम आयुक्त दलीप कुमार एवं नेता सत्तापक्ष मनीष सेन की विशेष उपस्थिति में अपर कलेक्टर संजीव जैन ने नवनियुक्त एल्डरमेनों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवनियुक्त एल्डरमेनों में अर्जुन चौधरी, राजेश यादव, हरीश देवलिया, प्रिया शर्मा, सचिन सोनी, चेतन योगी, दिनेश सांखला एवं संतोष वर्मा शामिल हैं।

इस अवसर पर विधायक गायत्री राजे पवार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निगम में एल्डरमेनों की नियुक्ति से जनहित के कार्यों को और अधिक ऊर्जा के साथ संचालित करने में सहयोग मिलेगा। उन्होंने सभापति रवि जैन के कार्यकाल के चार वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें एवं पूरी परिषद को बधाई दी। महापौर गीता अग्रवाल ने नवनियुक्त एल्डरमेनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निगम परिषद में 8 नए सदस्य जुड़ने से विकास कार्यों को और गति मिलेगी। सभापति रवि जैन ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशन तथा विधायक एवं महापौर के नेतृत्व में देवास में चल रहे विकास कार्यों में अब 8 नए सहयोगी जुड़ गए हैं। सभी के मार्गदर्शन और सहयोग से शहर के विकास को और गति दी जाएगी। निगम आयुक्त दलीप कुमार ने भी सभी नवनियुक्त एल्डरमेनों को शुभकामनाएं देते हुए निगम के विकास कार्यों में सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम में लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह बैस, शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ समिति अध्यक्ष शीतल गेहलोत, पार्षद राजा अकोदिया, बाली घोसी, राहुल दायमा, सोनू परमार, भूपेश ठाकुर, आलोक साहू, रितु सवनेर, महेश फुलेरी, पार्षद प्रतिनिधि संजय दायमा, अजय पंडित, संजयसिंह ठाकुर, प्रवीण वर्मा, राज वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपायुक्त जाकिर जाफरी ने किया तथा आभार उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया ने माना।।

श्रुति बघेल बनी जिला महिला कांग्रेस देवास ग्रामीण की अध्यक्ष

नियुक्ति पर पदाधिकारियों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा द्वारा मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की प्रथम सूची को स्वीकृति प्रदान की गई है। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया के निर्देशानुसार राज्य में महिला कांग्रेस के 24 जिला अध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई है। अगस्त 2026 में हुई इस संगठनात्मक नियुक्ति में पार्टी ने जमीन पर पकड़ मजबूत करने के लिए नए चेहरों को अहम जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उसी के तहत देवास में जिला महिला कांग्रेस देवास ग्रामीण के अध्यक्ष पद पर श्रुति सिंह बघेल को नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी और महिला कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को बधाई देते हुए संगठन को बूथ स्तर पर सक्रिय करने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया है।

खबर संक्षेप

दिव्यांगजन रोजगार अभियान में मेला 7 को

ललितपुर। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में दिव्यांगजनों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोडऩे के उद्देश्य से जनपद में दिव्यांगजन रोजगार अभियान-3.0 का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत 7 अगस्त 2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिद्धन रोड में विशेष दिव्यांगजन रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला समन्वयक एवं प्रधानाचार्य राजपाल सिंह ने बताया कि मिशन निदेशक के निर्देशानुसार 3 से 10 अगस्त तक जिले में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य दिव्यांग युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें स्वरोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला 7 अगस्त को सुबह 10 बजे से शुरू होगा, जिसमें विभिन्न निजी कंपनियां एवं संस्थान योग्य दिव्यांग अभ्यर्थियों का चयन करेंगे। वहीं स्वरोजगार की इच्छा रखने वाले अभ्यर्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं वित्तीय सहायता संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। मेले में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं अंकपत्र, बायोडाटा (रिज्यूमे), आधार कार्ड अथवा अन्य वैध पहचान पत्र, मूल प्रमाण-पत्र, उनकी एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो साथ लाने होंगे। रोजगार एवं स्वरोजगार के इच्छुक सभी पात्र दिव्यांगजन इस मेले में भाग ले सकते हैं।

खेत पर भाई समेत तीन लोगों से मारपीट

ललितपुर। थाना नाराहट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बछरई में खेत पर काम कर रहे एक किसान के साथ लाठी-डंडों से मारपीट करने तथा बीच-बचाव करने पहुंचे उसके भाई और एक अन्य व्यक्ति के साथ भी मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में घायल होने के बाद उपचार कराने के उपरांत पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने गांव के ही चार नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बछरई निवासी रामपाल पटेल पुत्र आशाराम पटेल ने बताया कि 15 जुलाई 2026 की सुबह करीब 7.30 बजे वह अपने खेत पर मौजूद था। इसी दौरान गांव के प्रताप पुत्र बिहारी, भगवानदास पुत्र बिहारी, अभितेंद्र पुत्र प्रताप तथा रोहित पुत्र रतन वहां पहुंचे और बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया और मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर उसे बचाने के लिए अशोक पुत्र भैयालाल तथा उसका भाई विजय पुत्र आशाराम मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारकर फेंक देने की धमकी भी दी। घटना में घायल रामपाल पटेल ने बताया कि पहले उन्होंने अपना उपचार कराया, जिसके बाद थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी।

फर्जी सिम बेचकर ठगी करने पर केस दर्ज

ललितपुर। साइबर अपराध और फर्जी सिम कार्ड के जरिए होने वाली ऑनलाइन ठगी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नाराहट पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी पर फर्जी तरीके से सिम कार्ड उपलब्ध कराकर साइबर ठगी को अंजाम देने और लोगों से ऑनलाइन धोखाधड़ी करने का आरोप है। प्रतिबिंब पोर्टल पर प्राप्त शिकायत की जांच चौकी प्रभारी डोंगराकला उपनिरीक्षक दीपक कुमार को सौंपी गई थी। जांच के दौरान सामने आया कि थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम गौना निवासी महेन्द्र पुत्र स्व. शिवगोपाल फर्जी तरीके से सिम (एस/टी) बेचने के नाम पर लोगों को झांसा देकर साइबर ठगी में संलिप्त है। जांच रिपोर्ट में बताया गया है कि आरोपी ऑनलाइन माध्यमों से लोगों को अपने जाल में फंसाकर ठगी करता था तथा धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि विभिन्न बैंक खातों में मंगवाता था। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि आरोपी का नाम पहले भी साइबर अपराध के मामलों में सामने आ चुका है।

वार्ड-8 में वर्षों पुरानी मांग होगी पूरी, सड़क व जल निकासी से मिलेगी राहत

जुगपुरा में सीसी सड़क व नाली निर्माण का भूमि पूजन, गुणवत्ता के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



नगर पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या-8 स्थित मोहल्ला जुगपुरा में विकास कार्यों को गति देते हुए दो सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में नपाध्यक्ष सोनाली जैन एवं वार्ड पार्षद उदय प्रताप सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान नपाध्यक्ष ने सबसे पहले देवगढ़ रोड स्थित जया मेडिकल के बगल वाली गली में बनने वाली सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

मोहल्लेवासियों ने बताया कि वर्षों से सड़क नहीं होने के कारण आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। विशेष रूप से स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को बारिश के दिनों में काफी परेशानी होती थी। इसके बाद पालिका अध्यक्ष ने मां अहिल्याबाई स्कूल के पीछे पत्रकार अमित लखेरा के मकान की ओर जाने वाली सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन किया। इस दौरान वार्डवासियों ने विकास कार्यों की सराहना करते हुए नपाध्यक्ष का पुष्पमालाओं से स्वागत कर आभार व्यक्त किया। भूमि पूजन के बाद नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने संबंधित अवर अभियंता खुशबू खान एवं ठेकेदार को निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी कार्य मानकों के अनुरूप पूरे कराए जाएंगे। इस दौरान वार्ड पार्षद उदय प्रताप सिंह, अवर अभियंता खुशबू खान, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक रमाकांत तिवारी, पत्रकार अमित लखेरा, गायक मुकेश बेगी, नेतराम, अमोल प्रजापति, अमरसिंह ठेकेदार, नाथूराम विश्वकर्मा, आशाराम अहिरवार, विनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि सड़क और नाली निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा तथा जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी।

तालबेहट में श्रम विभाग की बड़ी कार्रवाई

बाल श्रम रोको अभियान के तहत पांच बाल श्रमिक मुक्त कराए, तीन दुकानदारों को नोटिस थमाए



ललितपुर। श्रम विभाग द्वारा चलाए जा रहे बाल श्रम रोको अभियान के तहत नगर क्षेत्र तालबेहट में विशेष अभियान चलाकर बाल श्रम के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्य कर रहे 5 बाल एवं किशोर श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया, जबकि 3 दुकानदारों को बाल श्रम अधिनियम के उल्लंघन पर नोटिस जारी किए गए। श्रम विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आयुक्त, झांसी मंडल एवं जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने के उद्देश्य से अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई। अभियान बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 तथा संशोधित बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 2016 के तहत संचालित किया जा रहा है। 3 अगस्त 2026 को श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम ने नगर क्षेत्र तालबेहट में सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी मंसूर अंसारी तथा जिला प्रोबेशन विभाग के बाल संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश भी अभियान में शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने 3 दुकानों में कार्यरत 5 बाल एवं किशोर श्रमिकों की पहचान कर उन्हें बाल श्रम से मुक्त कराया। साथ ही संबंधित दुकानदारों एवं नियोजकों के विरुद्ध निरीक्षण टिप्पणियां जारी करते हुए नोटिस दिए गए। अभियान के दौरान दुकानदारों एवं आमजन को बाल श्रम कानूनों की जानकारी भी दी गई तथा बच्चों को शिक्षा से जोडऩे और बाल श्रम न कराने की अपील की गई। श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि बाल श्रम उन्मूलन तक इस प्रकार के विशेष निरीक्षण एवं कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। विभाग ने लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं बाल श्रम कराया जा रहा हो तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण संपन्न, एआरपी को नई शिक्षा नीति व संशोधित पाठ्यक्रम की जानकारी दी



ललितपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी) में आयोजित पांच दिवसीय एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) एवं एनसीईआरटी की नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण संपन्न हो गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी अकादमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) ने भाग लिया और नई शिक्षा व्यवस्था, संशोधित पाठ्यक्रम तथा निपुण भारत मिशन के तहत किए गए बदलावों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। यह प्रशिक्षण 30 जुलाई से 4 अगस्त 2026 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन जिला संदर्भदाता हिमांशु मिश्रा, दीपा सिंधी एवं रेनू मथुरिया द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को नए पाठ्यक्रम के अनुरूप शिक्षण विधियों, गतिविधि आधारित शिक्षण, एफएलएन के उद्देश्यों तथा विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार के उपायों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि पूर्व में संचालित 42 दिवसीय शिक्षा योजना को समाप्त कर उसके स्थान पर अब कैच-अप कार्यक्रम लागू किया गया है।

निपुण लक्ष्यों का दायरा अब कक्षा 2 से बढ़ाकर कक्षा 5 तक कर दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों की आधारभूत भाषा एवं गणितीय दक्षता को और मजबूत बनाया जा सके। प्रतिभागियों को यह भी जानकारी दी गई कि उत्तर प्रदेश के स्थानीय परिदृश्य के अनुरूप पाठ्यक्रम में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इसी क्रम में कक्षा 4 की कलरव पुस्तक के स्थान पर वीणा को शामिल किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को स्थानीय संदर्भों से जुड़ी सामग्री उपलब्ध हो सके। समापन अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं डीआईईटी प्रभारी प्राचार्य रत्नेश कुमार ने सभी एआरपी को विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने, नवाचारों को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त सभी एआरपी को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक राघवेंद्र सिंह, शक्ति सिंह, विकास सिंह, इंदर सिंह पटेल, बाबू सिंह, संतोष निरंजन, नीलेन्द्र सिंह, उदयभान सिंह, राजेन्द्र सिंह, ऋचा सहित अन्य शिक्षाविदों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक में एडीएम के सख्त निर्देश

हाई रिस्क गांवों में चलेगा विशेष सफाई अभियान, 10 तक पूरे होंगे लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर चल रहे संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम की अध्यक्षता में पंचम अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अभियान की प्रगति का मूल्यांकन करते हुए अधिकारियों को शेष लक्ष्य अगले 10 दिनों में हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए गए। सीएमओ डा.वीरेन्द्र सिंह ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए की। उन्होंने बताया कि जुलाई-अगस्त 2026 के अभियान के पांचवें सप्ताह में सभी संबंधित विभागों ने निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप कार्य किया है। अब अभियान की विस्तारित अवधि के दौरान भी इसी गति से कार्य जारी रखा जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने विभागवार उपलब्धियों की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए जनपद के हाई रिस्क गांवों की सूची सभी संबंधित विभागों को उपलब्ध कराई। उन्होंने निर्देश दिए कि इन गांवों में विशेष अभियान चलाकर व्यापक साफ-सफाई कराई जाए। इसके तहत गड्ढों को मिट्टी से भरना, झाडिय़ों की कटाई, रुके हुए पानी की निकासी, नालियों की सफाई तथा लार्वानाशक दवाओं का नियमित छिड़काव सुनिश्चित किया जाए, जिससे संचारी रोगों के फैलाव को प्रभावी ढंग से रोका जा सके। अध्यक्षता कर रहे एडीएम ने पंचायती राज विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन किए जा रहे कार्यों की क्रॉस चेकिंग अनिवार्य रूप से की जाए तथा अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का फोटो सहित विवरण प्रतिदिन समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जाए, जिससे अभियान की पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनी रहे। एडीएम ने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान जिन विभागों की उपलब्धियां निर्धारित लक्ष्य से कम हैं, वह अगले 10 दिनों की विस्तारित अवधि में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि अभियान की अगली समीक्षा 10 अगस्त 2026 को की जाएगी और उसी के आधार पर राज्य स्तर पर जनपद की रैंकिंग एवं फीडबैक तय होगा। इसलिए सभी विभाग पूरी गंभीरता और समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में नोडल अर्बन डा. राजेश भारती, सूचना अधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों सहित जनपद के समस्त चिकित्सा अधीक्षक एवं मलेरिया निरीक्षक उपस्थित रहे।

हजारों अजादारों ने इमाम हुसैन को दी श्रद्धांजलि, ड्रोन से की निगरानी

चेहल्लुम का जुलूस संपन्न, भाईचारे व अकीदत के साथ निकाले ताजिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




शहर में मंगलवार को चेहल्लुम का जुलूस परंपरागत श्रद्धा, अकीदत और गंगा-जमुनी तहजीब के माहौल में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। हजारों की संख्या में अजादारों ने जुलूस में शामिल होकर इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश की। पूरे मार्ग पर नौहा, मरसिया और मातम का सिलसिला चलता रहा, जबकि विभिन्न अखाड़ों ने अपने पारंपरिक करतबों का प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

चेहल्लुम का जुलूस शाम करीब 5 बजे मोहल्ला गोविंद नगर से प्रारंभ हुआ। इसके बाद नदीपुरा इमाम चौक से शहर के सभी ताजिए एवं अखाड़े एकत्रित होकर आजाद चौक पहुंचे, जहां से मुख्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में ईमामबाड़ा नदीपुरा, हुसैनी अखाड़ा गोविंद नगर, कसाब मंडी सहित अन्य अखाड़ों के सदस्य शामिल रहे। जुलूस घंटाघर, कसाब मंडी, अजीतापुरा, पठापुरा और सदन शाह सहित पारंपरिक मार्गों से होकर गुजरा। रास्ते भर नगर मुहर्रम ताजिया कमेटी की ओर से ताजियादारों एवं अखाड़ों का स्वागत किया गया। विभिन्न स्थानों पर शरबत और पानी की सबीलें लगाई गईं, जहां जुलूस में शामिल लोगों की सेवा की गई। घंटाघर और आजाद चौक के युवाओं तथा सामाजिक संगठनों ने भी श्रद्धालुओं को शरबत वितरित कर भाईचारे का संदेश दिया। चेहल्लुम के मद्देनजर जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। पूरे जुलूस मार्ग पर पुलिस बल, होमगार्ड एवं प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और सभी समुदायों के लोगों ने शांतिपूर्ण आयोजन में सहयोग किया। वहीं बिजली विभाग ने जुलूस मार्ग पर बिजली के तारों को सुरक्षित ऊंचाई पर करने की व्यवस्था की, जबकि नगर पालिका ने पूरे मार्ग की साफ-सफाई एवं कर्बला स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। जुलूस देर रात सावरकर चौक से होते हुए कर्बला पहुंचा, जहां पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार सभी ताजियों और बुर्राकों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी हेमंत कुमार पटेल, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, शहर कोतवाल अनुराग अवस्थी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित नगर मुहर्रम ताजिया कमेटी के संरक्षक खुर्शीद आलम ठेकेदार, अध्यक्ष रफीक अली, सचिव जावेद किरमानी तथा कमेटी के पदाधिकारी, ताजियादार, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। नगर मुहर्रम ताजिया कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि ललितपुर में चेहल्लुम का जुलूस हमेशा आपसी भाईचारे, अमन और सौहार्द के साथ निकलता है और यह शहर की गंगा-जमुनी तहजीब की जीवंत मिसाल है।

भाजपा कार्यक्रम संत शिरोमणि गुरु रविदास की याद में कर रही

संत शिरोमणि रविदास की जन्म स्थली से आए पवित्र कलश यात्रा का क्षेत्रीय अध्यक्ष ने किया शुभारंभ



ललितपुर । भारतीय जनता पार्टी के कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू ने सन्त शिरोमणि रविदास जी महाराज की जन्मस्थली से आये पवित्र कलशों की कलश शोभा यात्रा का प्रारम्भ सन्त शिरोमणि भक्त गुरु रैदास की पूजा अर्चना के साथ आरंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर चल रहे सन्त शिरोमणि भक्त गुरु रैदास जी की छै सौ पचासवीं जन्म जयंती मनाने के क्रम में भारतीय जनता पार्टी विभिन्न कार्यक्रम सन्त शिरोमणि गुरु रविदास की याद में कर रही है इसी क्रम में सन्त शिरोमणि गुरु रविदास जी के जन्म स्थली गोबरधन बाराणसी से पवित्र कलश जनपद आये और मन्दिर में रखे गए। तत्पश्चात कलश पूजन एवं सन्त शिरोमणि गुरु रविदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि करके एवं पूजन करके इस यात्रा को रवाना किया जा रहा है जो जिले के हर बूथ तक जायेगी जहां आम जन इसका पूजन अर्चन करेंगे। उन्होंने कहा कि सन्त शिरोमणि गुरु रविदास जी भक्त काल के महानतम भक्त हैं जो कि भक्त मीराबाई जी के गुरु थे और मीराबाई जी चित्तौड़गढ़ से उनसे मिलने काशी जी आयी थीं। उन्होंने कहा कि श्री गुरुग्रंथ साहब जी में उनके सैकड़ों पद संग्रहित हैं। उन्होंने कहा कि इस कलश का गांव गांव में आम जन द्वारा पूजन किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस यात्रा में मन से जुटने का आव्हान किया तथा सन्त शिरोमणि गुरु रविदास के विचारों को समाज में फैलाने का आव्हान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, कार्यक्रम जिला संयोजक बंशीधर श्रीवास, सहसंयोजक बसंती लारिया , गौरव गौतम,सुरेन्द्र प्रताप सिंह रजक, हरी सिंह बुंदेला,,जिला पंचायत प्रशासक कैलाश नारायण निरंजन,नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली विवेक जैन, बरिष्ठ नेता बब्बू राजा बुंदेला,प्रदीप चौबे, जगदीश सिंह लोधी, हरीराम सिंह निरंजन आदि मौजूद रहे।

टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर हादसा

बस की खिड़की से बाहर निकाला सिर ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

ललितपुर। टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बस में सफर कर रहे ललितपुर जिले के महरौनी निवासी युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा दिगौड़ा थाना क्षेत्र के पूनोल नाले के पास उस समय हुआ, जब युवक बस की खिड़की से सिर बाहर निकाले बैठा था और सामने से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गया। हरिओम कंपनी की यात्री बस झांसी से टीकमगढ़ की ओर जा रही थी। बस में सवार महरौनी निवासी प्रमोद सेन पुत्र मूलचंद सेन खिड़की से सिर बाहर निकाले हुए थे। पूनोल नाले के पास सामने से आ रहे ट्रक से क्रॉसिंग के दौरान उनका सिर ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद बस में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दिगौड़ा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को भी दे दी गई, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि दुर्घटना में शामिल ट्रक (एमपी 04 जीए 3919) को बम्होरी के पास एक पेट्रोल पंप के समीप से जब्त कर लिया गया है। हालांकि, हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है और मामले की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। इस हादसे ने फिर यात्रा के दौरान वाहन की खिड़की से सिर या शरीर का कोई हिस्सा बाहर निकालने की लापरवाही के गंभीर परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित किया है।

हर घर तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर भाजपा की जिला कार्यशाला आयोजित

13 को जिला स्तर पर होने वाली तिरंगा यात्रा को तुवन मंदिर मैदान से शुरू करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



भारतीय जनता पार्टी की हर घर तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर जिला कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक रुचिका बुन्देला ने किया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले के बाद मंडल की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा जिस में तिरंगा यात्रा को लेकर योजना बनायी जायेगी । 13 अगस्त को जिला स्तर पर होने बाली विशाल तिरंगा यात्रा को तुवन मंदिर मैदान से प्रारम्भ किया जायेगा तत्पश्चात कोतवाली,कम्पनी बाग, तहसील चौराहे, घंटाघर, सावरकर चौक होकर नृसिंह मंदिर रामलीला मैदान में समाप्त होगी । उन्होंने कहा कि इसी तरह मंडल स्तर पर भी इन यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष मा रामकिशोर साहू जी ने अपने उद्बोधन में हर घर तिरंगा,घर घर तिरंगा का उद्घोष करते हुए कहा कि आज की बैठक का आयोजन तिरंगा यात्रा और अन्य प्रमुख पार्टी कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले और मंडल स्तर पर हर हालत में मासिक बैठक होना है और कार्यवाही रजिस्टर में हर हाल में उपस्थित हस्ताक्षर करना है । उन्होंने कहा कि सन्त शिरोमणि गुरु रविदास जी की छै सौ पचासवीं जयंती पर उनकी जन्मस्थली बाराणसी जी से पवित्र कलश समस्त जिलों के साथ ललितपुर में भी आये हैं । इनको जिले भर में यात्रा निकाल कर पूजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा में समाज के हर वर्ग किसान, मजदूर,खिलाड़ी, चि कि त स क , शि क्ष क ,बकील,व्यापारी आदि के घर जाकर हम लोग उनसे सम्पर्क करेंगे और उनके यहां तिरंगा स्थापित करेंगे।

उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के दौरान किसी भी हालत में तिरंगा को कन्धे के नीचे नहीं आने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारी यात्रा जहां से भी निकले उस रास्ते में दोनों तरफ भवनों पर तिरंगा हो ऐसा प्रयास करना होगा। महिलाओं,एन जी ओ, विद्यालयों आदि में सम्पर्क कर तिरंगा यात्रा में सम्मिलित किए जाने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा और इन तिरंगा यात्रा कार्यक्रमों को आवश्यक रुप से सोशल मीडिया पर डाला जायेगा। ललितपुर में इस तिरंगा यात्रा की जिला संयोजक रुचिका बुन्देला सह संयोजक मनविंदर कौर, ध्रुव सिंह सिसौदिया, देवेन्द्र सिंह बरौदिया,अंकुर शानू बाबा को मनोनीत किया गया है। अन्त में जिला महामंत्री गौरव गौतम ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली विवेक जैन, बरिष्ठ नेता बब्बू राजा बुंदेला,पूर्व जिला अध्यक्ष गण प्रदीप चौबे, जगदीश सिंह लोधी, हरीराम सिंह निरंजन रमेश कुमार सिंह एंड, राजकुमार जैन, जिला महामंत्री गौरव गौतम, हरीराम सिंह लोधी एड,रजनी अहिरवार, मुन्ना लाल जैन सैदपुर, जिला कोषाध्यक्ष मनीष सड़ैया,जिला उपाध्यक्ष अरविंद कौशिक, अनुपमा जैन बजाज रमेश कुशवाहा नझाई, उमाशंकर भोंड़ेले,रजनी घनश्याम साहू, सोनाली बबेले, देवेन्द्र गुरु,सुनीता पंथ ,दीपक पाराशर, देवेन्द्र तिवारी,मिहरवान सिंह पंथ,मोहनलाल रैकवार, कमलापति रिछारिया, ब्लाक प्रमुख कल्याण सिंह लोधी, मोहित निरंजन, प्रधान अनुपम चौबे,पूर्व सहकारी बैंक अध्यक्ष अशोक रावत,सुरेश टोंटे, श्रीकांत कुशवाहा, चन्द्रशेखर पंथ,डा रामगोपाल साहू, गन्धर्व सिंह लोधी बाबू जी। रुपैश साहू ,सोमेश गुप्ता, संदीप बबेले, विक्रांत रावत,ई बी के पाल, शशिशेखर पांडेय, मण्डल अध्यक्ष गण शेलेन्द्र प्रताप सिंह बुन्देला,नीरज पटैरिया, कृपालु सिंह लोधी,सोवरन सिंह लोधी,देशपत कुशवाहा, देवीसिंह बुन्देला,वृजेश राजपूत , आशीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

वाहन मालिक ने एसपी को दिया आवेदन, दलाल और बाबूओं की मिलीभगत की आशंका

बगैर ओटीपी, कूटरचित दस्तावेजों से आरटीओ ने ट्रांसफर किया वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय राजगढ़ में सबकुछ ठीकठाक नहीं चल रहा है। यहां अक्सर कईं तरह की लापरवाहियों और दलालों की ऑफिस के काफी अंदर तक सांठगांठ के चलते गड़बड़ियों के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामले में एक टैक्टर मालिक की बगैर अनुमति, फर्जी हस्ताक्षर और बगैर ओटीपी के गुना जिले के व्यक्ति के नाम वाहन ट्रांसफर कर दिया गया। पीड़िता ने जब आरटीओ कार्यालय से जानकारी मांगी तो पूरे फर्जीवाड़े की पोल खुली। पीड़ति ने गत दिवस पुलिस अधीक्षक राजगढ़ को शिकायती आवेदन देकर जांच और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की गुहार लगाई है।



क्या है पूरा मामला

जाटियाखेड़ी निवासी मुकेश वर्मा ने अपना जॉनडियर ट्रैक्टर एमपी-39 एडी-1264 दिसंबर 2025 में पवन अहिरवार निवासी जोगन बावड़ी, मक्सूदनगढ़ जिला गुना के साथ 5,50,000 में मौखिक रूप टैक्टर का सौदा तय किया था। पवन के नाम फाइनेंस न होने पर उसके ससुर शांतिलाल अहिरवार निवासी ग्राम महू चैपना ने मार्च 2026 में ट्रैक्टर फाइनेंस करवा लिया लेकिन विक्रेता मुकेश वर्मा को राशि नहीं दी गई। जब शांतिलाल ने पैसे देने में आनाकानी की तो पीड़ति ने 28 मई 2026 को थाना मक्सूदनगढ़ में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की समझाइश पर 28 जून 2026 तक पैसे देने का वादा किया लेकिन फिर भी राशि नहीं दी गई। जब पीड़ति मुकेश वर्मा को शक हुआ तो उसने 07 जुलाई 2026 को जिला परिवहन अधिकारी, राजगढ़ के समक्ष दस्तावेज प्राप्त करने के लिए आवेदन दिया।

कूटरचित दस्तावेजों से दूसरे के नाम हो गया वाहन

आरटीओ में बाकायदा राशि जमा करने के बाद जब उक्त वाहन ट्रांसफर के संबंध में जानकारी निकलवाई गई तो प्राप्त दस्तावेजों से खुलासा हुआ कि शांतिलाल अहिरवार ने दलालों, आरटीओ कार्यालय के कर्मचारियों, अधिकारियों से सांठगांठ कर मुकेश वर्मा के जाली हस्ताक्षर कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए। बिना राशि चुकाए और असली वाहन मालिक की जानकारी के बिना ट्रैक्टर का नामांतरण शांतिलाल के नाम कर दिया। जबकि किसी भी वाहन को दूसरे के नाम ट्रांसफर करने में सबसे पहले वाहन मालिक को भेजे गए ओटीपी की आवश्यकता पड़ती है। वाहन मालिक द्वारा ओटीपी भी नहीं दिया गया और न ही कार्यालय के सामने वाहन मालिक और खरीदार दोनों के फोटो लिए गए और सेल लेटर पर जाली हस्ताक्षर से इस गड़बड़झाले को अंजाम दिया गया। धोखाघड़ी के साथ ही आरटीओ में चल रहे भारी गड़बड़ियों की ओर इशारा कर रहा है।

इनका कहना है...

आवेदन मार्क कर संबंधित थाने भेज दिया गया है। इस मामले में यदि राजगढ़ आरटीओ से कार्रवाई के संबंध में हमें कोई प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो सर्वसंबंधितों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

- **नेहा गौर**, डीएसपी, राजगढ़

सिटीजन पोर्टल पर जो आवेदन मिला होगा उस पर प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर वाहन ट्रांसफर किया गया है। मामला संज्ञान में है। वाहन मालिक और क्रेता के बीच रुपए-पैसों का भी विवाद है।

- **राजदेव शर्मा**, वाहन ट्रांसफर शाखा प्रभारी, आरटीओ, राजगढ़।

द शिशुवन वर्ल्ड स्कूल मंदसौर में छात्र परिषद शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

द शिशुवन वर्ल्ड स्कूल, मंदसौर में अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ वार्षिक 'छात्र परिषद शपथ ग्रहण समारोह (इन्वेस्टिचर सेरेमनी') का भव्य आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रीति संघवी नाहर (ज्वाइंट कलेक्टर मंदसौर) एवं विशिष्ट अतिथि घनश्याम बटवाल (वरिष्ठ पत्रकार) रहे। कार्यक्रम में संस्था के चेयरमैन विजय सुराणा एवं प्राचार्य अभिषेक श्रीवास्तव एवं उप- प्राचार्य अर्जुन सिंह राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को पौधा भेंट स्वरूप प्रदान कर पर्यावरण-संरक्षण के संदेश के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि प्रीति संघवी विशेष अतिथि डा. घनश्याम बटवाल ने प्राचार्य के साथ माँ सरस्वती का पुष्प -हार कर वंदन -अर्चन किया।विद्यालय के नव-निर्वाचित हेड बॉय संस्कार रत्नावत 12वीं और हेड गर्ल कनिष्का प्रदनानी 12वीं को मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा उनके माता-पिता द्वारा बैज लगाकर एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं, विभिन्न हाउसेस के इंचार्ज शिक्षकों ने झंडा सौंपकर हाउस लीडर्स को जिम्मेदारी सौंपी गई। नव - निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों ने अनुशासन और एकजुटता का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रभावशाली मार्च पास्ट से कार्यक्रम को मनोहारी बना दिया।

कार्यक्रम के अतिथियों ने अपने ओजस्वी भाषण से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। नेतृत्व केवल एक पद या बैज धारण करना नहीं है, बल्कि जिम्मेदारी उठाना, सत्य के मार्ग पर चलना और दूसरों के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करना है।अतिथियों ने बच्चों को निस्वार्थ भाव से अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में ऋषभ मीणा ने सभी अतिथियों, पालकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की। पूरा समारोह अनुशासन, उत्साह और प्रेरणादायी माहौल से सराबोर रहा।

आष्टा को 3-0 से हराकर राजगढ़ ने जीता फुटबॉल मुकाबला

राजगढ़। मुख्यालय के केलक्ट्रेट ग्राउंड पर चल रहे तीन दिवसीय फुटबॉल मुकाबले का सोमवार को समापन हो गया। गोकुल दास त्रिपाठी हॉस्पिटल के सहयोग से हुए इस टूर्नामेंट के फाइनल में राजगढ़ के न्यू स्टार क्लब ने आष्टा को 3-0 से करारी शिकस्त देकर मुकाबला जीत लिया। विजेता न्यू स्टार टीम को डॉ. गुंजन त्रिपाठी की तरफ से 21 हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं उपविजेता आष्टा की टीम को परवेज खाना द्वारा 11 हजार रुपए एवं ट्राफी प्रदान की गई। इसके साथ ही अन्य पुरस्कार भी बेस्ट प्लेयरों को बांटे गए। इसके पूर्व कल सोमवार को दो सेमीफाइनल हुए पहला राजगढ़ जेसीएस और आष्टा के बीच खेला गया। जिसे आष्टा की टीम ने जीत लिया। दूसरा सेमीफाइनल खिलचीपुर और न्यू स्टार राजगढ़ के बीच खेला गया जिसमें न्यू स्टार टीम विजेता रही। शाम को खिताबी मुकाबला आष्टा और न्यू स्टार के बीच खेला गया जिसे न्यू स्टार ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

जिला परिवहन विभाग की कार्रवाई, पांच वाहनों के चालान के साथ एक स्कूल बस जब्त की गई

आरटीओ की भनक लगते ही स्टैंड से गायब हो गई बसें



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

जिला परिवहन विभाग की कार्रवाई की सूचना मिलते ही सोमवार को सारंगपुर बस स्टैंड का नजारा अचानक बदल गया। परिवहन विभाग के उड़नदस्ते के पहुंचते ही कई यात्री वाहन बस स्टैंड से गायब हो गई। जिससे यात्रियों को काफी देर तक बसों का इंतजार करना पड़ा। विभाग ने मौके पर पांच वाहनों के चालान बनाकर करीब 9 हजार रुपये का राजस्व वसूला, जबकि एक स्कूल बस को वैध दस्तावेज नहीं होने पर जब्त कर लिया। जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र बैंस ने बताया कि नियमित जांच अभियान के तहत लीमाचैहान स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल की बस एमपी-42-0224 आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकी, जिसके चलते उसे जब्त किया गया। वहीं सारंगपुर के सत्य साईं स्कूल तथा गुलावता के वैष्णव पब्लिक स्कूल के वाहनों से संबंधित दस्तावेजों में कमी पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई के लिए कलेक्टर राजगढ़ को प्रतिवेदन भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड पर केवल पांच बसों की ही चालानी कार्रवाई हो सकी। इसके बाद अधिकांश यात्री वाहन वहां से हट गए। स्थानीय दुकानदारों ने सुनसान पड़े बस स्टैंड की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए सवाल उठाया कि आरटीओ के पहुंचते ही वाहन आखिर क्यों गायब हो गए।

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि यात्री वाहनों के चालक और परिचालक के लिए निर्धारित वर्दी, नाम पट्टिका, पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र तथा पांच वर्ष पुराने हैवी ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज रखना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान अन्य व्यावसायिक वाहनों की भी जांच की गई। वही प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरटीओ दल के बस स्टैंड पर रहने तक शाजापुर, पचोर, आगर, शुजालपुर और पाडल्या माता मार्ग की कई बसें नहीं पहुंचीं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं परिवहन विभाग का दल रवाना होते ही कुछ समय बाद बसों का संचालन सामान्य हो गया और बस स्टैंड पर फिर से वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई।

कलेक्टर के गो रक्षा के लिए जारी किए गए आदेश बेअसर



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में कुछ दिन पहले एनएच 46 पर राजगढ़ रोड़ पर हिरनखेड़ी टोल के पास में सड़क पर बैठी दो दर्जन से अधिक गायों में से 17 को एक ट्रक चालक ने अपनी चपेट में लेकर उन्हे मौत के घाट उतार दिया था। इस हादसे के बाद जिले में गायों को लेकर काफी आक्रोष फैला था, इसी को शांत करवाने के लिए राजगढ़ कलेक्टर गिरीष कुमार मिश्रा ने सभी विभागों को आदेष दिया था की अब सड़कों पर गाये नहीं दिख जाए, नहीं तो संबंधित विभाग के कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाही की जाएगी। लेकिन कलेक्टर के द्वारा जारी आदेष एक दिन बाद ही हवा में फुर्रर.... हो गए और सड़कों पर सैकड़ों की तादाद में गाय बैठी देखी जा सकती है।

नेशनल हाईवे 46 पर ब्यावरा से भोपाल की ओर जाने वाले हाईवे पर कचनारिया के पास बने टोल के समीप एनएचएआई और टोल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। टोल टैक्स से महज 200 मीटर की दूरी पर पीपलहेला जोड़ के पास बीच सड़क पर सोमवार सुबह 11 बजे करीब लगभग 20 से 25 गायें बैठी पाई गईं। टोल प्लाजा के इतने नजदीक इस तरह का नजारा यह साबित करने के लिए काफी है कि टोल प्रबंधन और पेट्रोलिंग टीम अपने कर्तव्यों को लेकर कितनी उदासीन है। वाहन चालकों से मोटा टोल टैक्स वसूलने के बावजूद भी सुरक्षा के नाम पर व्यवस्थाएं शून्य साबित हो रही हैं। हाईवे पर मवेशियों का इस प्रकार जमघट लगे रहना आए दिन होने वाले जानलेवा हादसों का कारण बन रहा है। तेज रफ्तार में गुजरने वाले वाहनों के लिए ये मवेशी अचानक आफत बन जाते हैं, जिससे न केवल वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ रही है, बल्कि बेजुबान गायों की भी दर्दनाक मौतें हो रही हैं।

1033 हेल्पलाइन और पेट्रोलिंग टीम की नाकामी एनएचएआई आपातकालीन स्थिति और हाईवे की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर 1033 और पेट्रोलिंग वाहनों का दावा करता है, लेकिन टोल से सिर्फ 200 मीटर दूर मवेशियों का जमावड़ा उनकी गश्त और तत्परता की पोल खोल रहा है। टोल टैक्स वसूली पर सवाल जब टोल प्रबंधन चालकों से सड़क उपयोग का शुल्क ले रहा है तो उन्हें मवेशी-मुक्त और सुरक्षित मार्ग प्रदान करने की जिम्मेदारी से मुंह क्यों मोड़ा जा रहा है ? वाहन चालकों ने प्रशासन और हाईवे के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि लापरवाह टोल कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और हाईवे से मवेशियों को हटाने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं और गोवंश की मौतों पर विराम लग सके।

151 पौधे लगाकर शुरुआत की

सौंधिया राजपूत समाज का संकल्प हरियाली अमावस्या तक लगाएंगे पौधे



हरिभूमि न्यूज. जीरापुर। अखिल भारतीय सौंधिया राजपूत महासभा के आह्वान पर समाज द्वारा पूरे प्रदेश में एक लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सामाजिक स्तर पर लिए गए इस पौधारोपण अभियान को समाज द्वारा 'हरियाली अमावस्या' तक निरंतर चलाते हुए पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल कायम की जाएगी। प्रदेश स्तर के इस ''पर्यावरण बचाओ, पौधे लगाओ'' अभियान के तहत क्षेत्र को हरा-भरा करने के संकल्प के साथ नगर जीरापुर में 'सोंधवाड़ी राजपूत समाज धर्मशाला' परिसर में समाजजनों द्वारा '151 पौधे' लगाए गए। पौधारोपण के साथ ही सभी ने इन पौधों को वृक्ष बनाने का संकल्प भी लिया। 'इस अवसर पर समाज के 'राष्ट्रीय संगठन मंत्री लक्ष्मीनारायण चौहान', जिलाध्यक्ष नारायणसिंह सालरियाखेड़ी, कालूसिंह तोमर, पूर्वमंडी अध्यक्ष कमलसिंह पंवार, पूर्व जिलाध्यक्ष इंदरसिंह परमार, महासचिव प्यारेलाल चैहान, सत्यनारायण सरावत, गंगाराम दोबड़ा, प्रदेश प्रभारी चंदरसिंह पंवार, राजेंद्रसिंह आमलाबे, विष्णुसिंह पवांर, भगवानसिंह बटावदा, धर्मशाला प्रबंधन अध्यक्ष मोहनसिंह पंवार, जिला सचिव नारायणसिंह तोमर, ईश्वरसिंह परमार, रमेशचंद पवांर ब्लॉक महासचिव रामबाबू पवांर, युवा ब्लॉक अध्यक्ष नारायणसिंह तोमर, सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

ग्राम डोराना में 33 सिलेंडर जब्त किए

मंदसौर। जिला आपूर्ति अधिकारी नारायण सिंह चंद्रावत द्वारा बताया गया कि खाद्य विभाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम डोराना में अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण किया गया है। सूचना के आधार पर खाद्य विभाग की टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए ग्राम डोराना निवासी सत्यनारायण पिता भगीरथ सोलंकी के खेत पर बने बाड़े में औचक छापामार कार्यवाही की गई। जाँच के दौरान बाड़े से कुल 33 नग अवैध घरेलू गैस सिलेंडर बरामद हुए। अनावेदक द्वारा उक्त घरेलू सिलेंडरों के भंडारण के संबंध में कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया जा सका। अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडरों का संग्रहण पाए जाने पर सभी 33 सिलेंडरों को मौके पर ही जब्त कर लिया गया है। अनावेदक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। छापामार एवं जब्ती की कार्यवाही जिला आपूर्ति अधिकारी नारायण सिंह चंद्रावत, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रघुराज सिंह डोडिया एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आराधना खड़िया की संयुक्त टीम द्वारा नई आबादी पुलिस के सहयोग से निष्पादित की गई। खाद्य विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में घरेलू गैस की कालाबाजारी और अवैध भंडारण करने वालों के खिलाफ इस प्रकार की सख्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

राजवाड़ी पगड़ी से किया खोयरी महादेव का विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



पवित्र श्रावण मास के पहले सोमवार नगर सहित जिले भर में लोग भक्ति की सरिता में रमते नजर आए। जिले के विभिन्न शिवालयों में तड़के से शुरू हुआ पूजा, अनुष्ठान, अभिषेक का क्रम देर रात्रि तक चलता रहा। नरसिंहगढ़ बैजनाथ महादेव धाम पर हजारों की संख्या में जिले सहित अन्य जिलों के शिवभक्तों ने पहुंचे। राजगढ़ के खोयरी महादेव धाम पर भी पूरे दिन धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे। यहां भोलेनाथ का राजवाड़ी पगड़ी से विशेष श्रृंगार किया गया था। खोयरी धाम पर भी प्रातः से भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। शाम के समय सैंकड़ों की संख्या में श्रृद्धालु मंदिर पहुंचे और अपने परिवार सहित जिले भर में सुख, शांति, समृद्धि की कामना भगवान भोलेनाथ से की।

मोटरसाइकिल से स्कूल जा रहे शिक्षक की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

सोमवार सुबह स्कूल जा रहे एक प्राथमिक शिक्षक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम भाटखेड़ी निवासी रामचन्द बैरागी शासकीय प्राथमिक विद्यालय पथरी संकुल केन्द्र कोडक्या, ब्लॉक जीरापुर में प्राथमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे।

सोमवार सुबह वह अपने गृह ग्राम भाटखेड़ी से मोटर साइकिल द्वारा ड्यूटी के लिए स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान कोडक्या और बाढ़गांव के बीच सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने उनकी मोटर साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिक्षक रामचन्द बैरागी गंभीर रूप से घायल हो गए, हादसे के बाद मानवता को शर्मसार करने वाली बात सामने आई। ऑल्टो कार का चालक घायल शिक्षक को अस्पताल ले जाने के बजाय मौके पर ही गाड़ी छोड़कर भाग निकला, समय पर इलाज न मिलने और गंभीर चोटों के कारण शिक्षक ने दम तोड़ दिया। शिक्षक का पोस्टमार्टम (पीएम) किया गया।

